TODAY INDIA NEWS 24

♦इस खबर को आगे शेयर जरूर करें ♦



# सत्य, सादगी, तथा स्वच्छ विचारों के साथ राष्ट्र सेवा करनी चाहिए – भरत राज सिंह

टुडे इंडिया न्यूज 24.com उत्तर प्रदेश, लखनऊ के स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के परिसर में रविवार दो अक्टूबर को महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो0 भरत राज सिंह ने महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी के तैल चित्र पर



माला पहनाकर नमन किए तथा वहाँ मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए कहे कि दोनो महा पुरुषो के आदर्श – अहिंसा व सादगी के मिसाल को याद करते हुये हमें देश की सेवाकरनी चाहिए। इस अवसर पर शरद सिंह सचिव व कार्यकारी अधिकारी आदि ने अपने-अपने संबोधन में महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गए कार्यो से शिक्षा लेंने पर विशेष जोर देते हुए स्वच्छता अभियान व सादगी से राष्ट्र की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने व देश को नयी दिशा देने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर परिसर में उपस्थित शिक्षकगण- उग्रसेन सिंह, लवकुश सिंह, विनय सिह व अन्य कर्मचारीगण तथा छात्रगणॉ ने भाग लिया।

*टुडे इंडिया न्यूज 24.com, उत्तर प्रदेश*
*आशुतोष तिवारी । 04 अक्टूबर 2022*

---

**http://todayindianews24.com/4624/**